fnukad % 06-04-2024 le; % 02-10 ih,e

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

nkigj lekpkj

ukekadu

प्रदेश में, लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण की सात सीटों पर मतदान के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद 93 नामांकन वैध पाए गए हैं। जांच के दौरान 16 नामांकन निरस्त हुए हैं । दूसरे चरण के लिए सोमवार 8 अप्रेल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

प्रदेश में प्रचार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह आज सिंगरौली और सीधी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

वहीं, भाजपा आज अपने स्थापना दिवस पर सभी 65 हजार से ज्यादा बूथों पर कार्यक्रम कर रही है। कांग्रेस ने प्रचार की रणनीति पर विचार विमर्श के लिये आज भोपाल में गठबंधन के सहयोगी दलों की बैठक बुलाई । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज इंदौर और महू में चुनाव प्रचार कर रहे है।

---

dkaxzsl izR;k'kh

कांग्रेस की चुनाव समिति ने आज लोकसभा चुनाव के लिये 6 उम्मीदवारों का सूची जारी की । इस सूची में मध्यप्रदेश के तीन प्रत्याशी भी शामिल है। इनमें ग्वालियर से प्रवीन पाठक, मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकरवार और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

---

ernkrk tkx#drk

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। निवाड़ी जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसीक्रम में जिले में संचालित लोक सेवा केन्द्रों पर आवेदक को दी जानी वाली रसीद में मतदान करने संबंधी सील लगाकर हितग्राहियों को मतदान के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। रायसेन में नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराए जाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया। उज्जैन में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत महिला मतदाता जागरूकता, युवा मतदाताओं को वोट डालने के लिये प्रेरित करने और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने जिले की बैंकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिवपुरी में शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा कल मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई।

---

turk dh k!kt" kdk'k!k#kh d: lk$k

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

----

uxg jkf'k

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान और सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और जो प्रथम स्तरीय जांच,ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

& dl' lekpkj l(ki e: %"

- शाजापुर जिले में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कार्य में लापरवाही पर एक एपीओ एवं एक उपयंत्री की सेवा समाप्त करने सहित सहायक यंत्रियों और उपयंत्रियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।
- लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आगरमालवा जिले के सोयतकलां–पिड़ावा मार्ग पर ग्राम बिजनाखेड़ी स्थित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने कल शाम एक बाईक से आठ लाख बारह हजार रूपये जप्त किये है।
- झाबुआ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में मध्यप्रदेश और गुजरात सीमा की चेक पोस्ट पिटोल में चेकिंग के दौरान 1 करोड़ 28 लाख की नगदी और 22 किलो 600 ग्राम चांदी मिली।